अमर उजाला

Date-28.04.2026

सरिती ने अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

city sports

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की छात्रा कुमारी सरिती ने अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय गतका प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया है। यह प्रतियोगिता यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा, राजस्थान में 22 से 24 अप्रैल तक आयोजित की गई थी।

कुमारी सरिती

प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें टीम इवेंट के साथ-साथ व्यक्तिगत इवेंट भी आयोजित किए गए। कुमारी सरिती ने गतका स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस उपलब्धि पर विजेता खिलाड़ी को बधाई दी। कुलपति प्रो. राम पाल सैनी ने कहा कि यह उपलब्धि अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने घोषणा की कि विश्वविद्यालय पहुंचने पर खिलाड़ी का स्वागत किया जाएगा और उन्हें 25 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने भी विजेता खिलाड़ी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संवाद

दैनिक जागरण

Date-28.04.2026

गतका प्रतियोगिता में सरिती ने जीता कांस्य पदक

जासं ● जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की छात्रा सरिती ने अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय गतका प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता यूनिवर्सिटी आफ कोटा राजस्थान में 22 से 24 अप्रैल तक हुई थी। इसमें देशभर के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें टीम इवेंट के साथ व्यक्तिगत इवेंट भी हुए। विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने सरिती को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय पहुंचने पर खिलाड़ी का भव्य स्वागत किया जाएगा व उन्हें 25 हजार की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

छात्रा सरिती। ● सौजन्य सीआरएसयू

Date-28.04.2026

सीआरएसयू की छात्रा सरिती ने अंतर-विश्वविद्यालय गतका प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

जींद, 27 अप्रैल (हप्र)

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की छात्रा कुमारी सरिती ने अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय गतका प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा, राजस्थान में 22 से 24 अप्रैल तक हुई। इसमें देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने कुमारी सरिती को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा है। उन्होंने घोषणा की कि विश्वविद्यालय पहुंचने पर खिलाड़ी का भव्य स्वागत किया जाएगा तथा उन्हें 25000 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने भी विजेता खिलाड़ी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ. नरेश देशवाल ने बताया कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय खेलों के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।